हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 जिला स्तरीय किसान मेला में जैविक कृषि अपनाने पर जोर



12 सिकासार जलाशय में भीषण गर्मी के बीच 28...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

**मांग : तीन माह बाद भी नहीं सुलझी पीएम आवास योजना की गड़बड़ी**

# कागजों में बन गए आवास, हकीकत में झोपड़ी में रहने को मजबूर 12 परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को ऐसा मामला सामने आया जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए। नगर पंचायत कोपरा के 12 गरीब परिवार दूसरी बार अपनी फरियाद लेकर जनदर्शन पहुंचे, लेकिन शिकायत सुनने के बाद भी प्रशासन के पास तत्काल कोई समाधान नहीं दिखा। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने हितग्राहियों को सिर्फ धैर्य रखने की सलाह दिए हैं। उन्होंने कहा पोर्टल से नाम हटाने पत्र लिखा गया है, पर पोर्टल से नाम कब हटेगा यह कुछ नहीं कह सकते। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित गड़बड़ी का है। पात्र होने के बावजूद इन हितग्राहियों को अब तक आवास नहीं मिला, जबकि सरकारी अभिलेखों में उनके नाम पर मकान बन जाने और राशि जारी होने का उल्लेख दर्ज है। पीड़ितों ने 09 दिसंबर 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत की थी। जांच में भी यह सामने आया कि संबंधित हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके बावजूद तीन माह बीत जाने के बाद भी विभागीय रिकॉर्ड में सुधार नहीं किया गया है। इधर नगर पंचायत कोपरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत अन्य लोगों को आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं। वहीं सर्वे सूची में पहले स्थान पर होने के बावजूद ये पात्र हितग्राही आज भी योजना के लाभ से वंचित हैं।

■ जनदर्शन में दूसरी बार पहुंचे कोपरा के 12 पीड़ित

**पीएम आवास 2.0 से भी वंचित**– सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि शासन के दस्तावेजों में इन हितग्राहियों के नाम पर पक्का मकान बन जाने और राशि जारी होने का उल्लेख है। लेकिन वास्तविकता यह है कि ये परिवार आज भी झोपड़ी और खपरैल के कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। बताया जाता है कि जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अभिलेखों में कुछ हितग्राहियों के नाम पर योजना की पूर्व में राशि आहरण करने का उल्लेख भी दर्ज है। जब हितग्राहियों ने इसकी जानकारी मांगी तो अधिकारी यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि राशि किसने निकाली और किस खाते में स्थानांतरित की गई। शासन के रिकॉर्ड में होरीलाल चक्रधारी, कमलराम साहू, सुदर्शनलाल, महेंद्र कुमार साहू, दुश्यंत साहू, अशोक कुमार पटेल, धनीराम साहू, गोपाल साहू, प्रकाश निषाद, रामसाय निषाद, मिथलेश कुमार, जीवनलाल साहू और नीरज यादव के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दर्ज बताया गया है।



### तीन माह बाद भी कार्रवाई नहीं

मामले में प्रशासन का कहना है कि पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण समस्या आई है और इसके समाधान के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को पत्र लिखा गया है। हालांकि हितग्राहियों का कहना है कि केवल पत्राचार से समस्या का समाधान नहीं होगा। उनका आरोप है कि विभागीय लापरवाही या किसी गड़बड़ी के कारण उन्हें योजना से वंचित किया गया है। सरकारी फाइलों में हुई गड़बड़ी को नगर पंचायत कोपरा को 12 हितग्राही भुगत रहे हैं। तीन माह बीत जाने के बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ितों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

### जनदर्शन में फिर उठी आवास की गुहार

- 9 दिसंबर 2025 को पहली बार की गई थी शिकायत
- जांच में भी नहीं मिला आवास मिलने का प्रमाण
- तीन महीने बाद भी रिकॉर्ड में नहीं हुआ सुधार
- तकनीकी गड़बड़ी बताकर एनआईसी को पत्र लिखने की बात

## खबर संक्षेप

### राजीव लोचन कॉलेज को शोध केंद्र के रूप में मान्यता मिली

राजिम। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम ने शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा राजनीति विज्ञान विषय में शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की है। इस संदर्भ का आदेश विश्वविद्यालय से 27 फरवरी को प्राप्त हुआ। संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने बताया कि यह गरियाबंद जिले के लिए गौरव की बात है कि इस क्षेत्र में शोध केंद्र खुला है, जो छात्र हित में मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान शिक्षा नीति में अनुसंधान एवं शोध को प्राथमिकता दी गई है। इस मापदंड पर महाविद्यालय ने एक कदम बढ़ाया है। हिंदी विषय में भी शोध केंद्र के लिए प्रयास जारी है। महाविद्यालय को इस सोपान तक पहुंचाने में प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ समीक्षा चंद्राकर, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएल वर्मा, आई क्यू ए सी समन्वयक श्वेता खरे, सहायक प्राध्यापक मनीषा भोई सहित महाविद्यालय परिवार का योगदान रहा। इस उपलब्धि पर नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने शुभकामनाएं दी है।

### नारी की महानता हर युग में सिद्ध : बजाज

**अभनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम बेलर और भटगांव में आयोजित रामकथा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की नारी ने हर युग में अपनी महानता सिद्ध की है और रामचरित मानस में माता सीता के त्याग और तपस्या की गाथा आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के कारण देश की महिलाएं अधिक सशक्त होकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिला सशक्तिकरण केवल सपना नहीं बल्कि हकीकत बन चुका है और इसी के कारण देश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।






## खबर संक्षेप

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बने विजय नायक



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन ने विजय नायक को भाजयुमों का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर नायक ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। नियुक्ति पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए कहा है कि उनके अनुभव से युवा मोर्चा जिले में और अधिक मजबूत और सक्रिय होगा।

### उत्कल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने यूके दास



**पिथौरा।** उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के नए पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया भी संपन्न हुई.बैठक में सर्वसम्मति से यूके दास को उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यूके दास शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं और सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बैठक में समाज के प्रमुख सदस्यों में पीसी त्रिपाठी, रामचंद्र मिश्रा, भोजराज पुरोहित, राधेश्याम पांडे, नवीन पंडा, अरुण देवता, राजेंद्र पुरोहित, अश्विनी पुरोहित, रविशंकर पाढ़ी, एसएस मिश्रा, पी.सी. सामंतराय, टिकेश्वर होता सहित अन्य सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 15 से खुरहा-चपका रोग टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** पशुधन में फैलने वाली खुरहा-चपका रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में खुरहा चपका रोग टीकाकरण का सातवां चरण आगामी 15 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत पशुधन विभाग की टीम गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर पशुओं का टीकाकरण करेंगे तथा सभी टीकाकरण की जानकारी भारत पशुधन पोर्टल में दर्ज की जाएगी।

# सांसद चौधरी की पहल पर छत्तीसगढ़ को 3,942 करोड़ का भारतनेट प्रोजेक्ट

## 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय ने भारतनेट परियोजना के तहत राज्य के लिए 3,942 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके माध्यम से 11,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को रिंग टोपोलॉजी आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस निर्णय के पीछे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा उठाई गई पहल और लगातार किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि 5 दिसंबर 2025 को लोकसभा में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट 2.0 की जमीनी स्थिति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सदन में कहा था कि डिजिटल इंडिया की इस महत्वपूर्ण परियोजना का राज्य में अपेक्षित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल अधूरी पड़ी हैं, खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है और पंचायतों, शासकीय विद्यालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को डिजिटल कनेक्टिविटी का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सांसद ने यह भी ध्यान दिलाया था कि जल जीवन मिशन जैसी अन्य विकास परियोजनाओं के दौरान कई स्थानों पर पहले से बिछी फाइबर केबल क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उनके समन्वय और मरम्मत के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हुई है। संसद में यह विषय उठाने के बाद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय संचार मंत्री से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत मांग-पत्र भी सौंपा, जिसमें परियोजना की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और राज्य में डिजिटल नेटवर्क के प्रभावी पुनः क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट परियोजना को नई तकनीकी संरचना के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

### डिजिटल सेवाओं को मिलेगी रफ्तार

नई स्वीकृति के तहत विकसित होने वाला रिंग टोपोलॉजी आधारित नेटवर्क अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित माना जाता है। इस प्रणाली में यदि किसी एक बिंदु पर नेटवर्क बाधित होता है तो इंटरनेट सेवा वैकल्पिक मार्ग से जारी रहती है, जिससे कनेक्टिविटी बाधित नहीं होती।परियोजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस सेवाओं, ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और डिजिटल आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। इससे ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण समुदायों को बेहतर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।




### संसद में उठे मुद्दे से मिली प्राथमिकता

विशेषज्ञों का मानना है कि संसद में उठाए गए मुद्दे और उसके बाद मंत्रालय स्तर पर की गई पहल ने इस विषय को नीति स्तर पर प्राथमिकता दिलाने में भूमिका निभाई। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस मुद्दे को केवल अपने संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की डिजिटल जरूरतों को सामने रखा।सांसद ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी आज ग्रामीण विकास की आधारभूत आवश्यकता बन चुकी है और यह प्रयास छत्तीसगढ़ के गांवों को डिजिटल इंडिया के लाभों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## बैठक : संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

# कांग्रेस की संगठन विस्तार बैठक कार्यकर्ताओं से दावेदारी की अपील

- खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक
- योग्य और सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा, कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन सशक्त करने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में 8 मार्च, रविवार को संगठन विस्तार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने की।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के संगठन को मजबूत बनाने तथा विभिन्न पदों पर नियुक्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही इच्छुक कार्यकर्ताओं से दावेदारी भी आमंत्रित की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए योग्य, सक्रिय और मेहनती पदाधिकारियों की आवश्यकता है, जो पार्टी को मजबूती देने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य करें।

इस अवसर पर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी पूरा मान-सम्मान मिलना चाहिए और पार्टी की रीति-नीति को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।

बैठक में मुख्य रूप से मुकुंद सिंह, शहजान पाशा, चंदू साहू, तेनु साहू, बलेश साहू, तुलाराम साहू, हरि यादव, फूलसिंह ध्रुव, राहुल कुलदीप, जीवन नायक, चोवा राम साहू, जयंती चंद्राकर, सुनील व्यवहार, ओम प्रकाश साहू, सुरेश पटेल, योगेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुरेश साहू, भुवनेश्वर ध्रुव, अंगा साहू, गंगा भोसले, मोहन साहू, भारत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीरामजी अधिक आय और अधिक समृद्धि की योजना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

पिपरौद में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष परदेशीराम साहू ने चौपाल लगाकर विकसित भारत रोजगार और अजीविका की नई गारंटी जी राम जी श्रमिक कल्याण योजना के साथ चल रहे कार्यो का निरीक्षण कर जन चौपाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया गया पहले 100 दिन का काम अब 125 दिन का हो गया है अधिक काम का मतलब हर घर के लिए अधिक आय और अधिक समृद्धि मजदूरी भत्ते में कोई कटौती नहीं होगी। इस अधिनियम के साथ मजदूरी का भुगतान सप्ताहिक कार्य समाप्त के 15 दिनों के भीतर होगा और विलंब पर मुआवजा दिया जाएगा ग्राम स्तर पर लिए गए निर्णय योजनाओं का आधार होंगे जिन्हे ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाएगा जी राम जी योजना में सभी योग्य लाभार्थी को 25 फीसदी अधिक मजदूरी मिलेगी। श्री साहू ने कहा कि डिजिटल सिस्टम के माध्यम से बायोमेट्रिक उपस्थिति और सप्ताहिक अपडेट से भुगतान में देरी नहीं होगी राज्य सरकार बुआई एवं कटाई के मौसम में 60 दिनों तक कार्य रोक सकती है। कार्यक्रम में श्रीमती प्रमिला बाई मानिकपुरी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पाटी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दूज राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि भीखम साहू, संतोष साहू, रोजगार सहायक देवक राम साहू, समारु साहू, धरवन साहू, लुकेश कंवर, पंच चेतन साहू, हरिश्चंद्र साहू, श्रीमती रूपा साहू, पार्वती साहू, प्रियंका साहू, राधा बाई कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# युवा संसद : 2026 के राज्य स्तरीय मंच पर प्रतिनिधित्व करेंगी आईएसबीएम की रेशमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी) की कला एवं मानविकी संकाय की छात्रा रेशमा ध्रुव का चयन "राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026" के लिए हुआ है। वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय केंद्रीय बजट 2026 : विकसित भारत 2047 की दिशा में युवा शक्ति का बजट निर्धारित किया गया है, जिस पर प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर छात्रा के मेंटर एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर तिवारी ने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम युवाओं को लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय नीतियों की समझ विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन, उद्यमिता, नवाचार तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधानों को लेकर युवाओं की भागीदारी और



विचार-विमर्श अत्यंत महत्वपूर्ण है। गरियाबंद जिले से रेशमा ध्रुव का राज्य स्तरीय मंच तक पहुंचना उनकी प्रतिभा, परिश्रम और विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन का परिणाम है। विश्वविद्यालय परिवार ने रेशमा ध्रुव की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास तथा कला एवं मानविकी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. जब्बार अहमद ने रेशमा ध्रुव को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे राज्य स्तरीय युवा संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है और ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनती हैं।

## चंद्राकर समाज की महिलाओं का होली मिलन समारोह आयोजित



**महासमुंद।** नगर के हृदय स्थल श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में चंद्राकर समाज की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द तथा एकता का संदेश दिया। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की। फूलों और गुलाल के साथ होली खेलते हुए महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पूरे वातावरण को रंगों की खुशियों से सराबोर कर दिया। गीत-संगीत, हंसी-ठिठोली और आत्मीय संवाद के बीच होली मिलन समारोह बेहद उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेल-मिलाप को बढ़ाने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। होली जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार का मिलन समारोह समाज की एकजुटता और पारिवारिक भावना को और मजबूत करता है।

# कोमाखान में भारत की जीत व चैंपियन बनने पर जश्न, आतिशबाजी के साथ उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोमाखान

फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से परास्त कर टी 20 का खिताब तो जीता ही है। साथ ही भारतीय टीम तीसरी बार विश्व चैंपियन बनी। जीत व चैंपियन बनने की दोहरी खुशी में युवाओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया और मध्य रात्रि डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये। वहीं देर रात तक पटाखे फोड़ कर खूब आतिशबाजी भी की गई।

उल्लेखनीय है कि आज क्रिकेट का जुनून सभी पर सवार है। रविवार को टी 20 विश्वकप का फाइनल मैच देखने स्थानीय युवाओं ने एक बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था साप्ताहिक बाजार के पास की थी। पूरा नगर सायं 7 बजे के पहले स्क्रीन के समक्ष आ बैठा। मैच के दौरान युवाओं ने हरेक बाउंड्री व सिक्स के अलावा न्यूजीलैंड के विकेट पतन के दौरान बम फोड़ते रहे। अंत में भारतीय टीम ने मैच जीतकर टी 20 का खिताब जीता व तीसरी बार चैंपियन का ताज बरकरार रखा। बहरहाल जीत का जश्न मनाने वाले युवाओं में उपसरपंच कोमाखान हीरेंद्र उपाध्याय, रवि केशरवानी, सुनील जैन, अबीर अग्रवाल, नितिन जैन, धैर्य जैन, पंकज जैन, नरेंद्र जैन, धीरज जैन, देवज्ञ चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, अभय जैन, देवव्रत शर्मा, अक्षत अग्रवाल, वाजिद खान, जाविद खान के अलावा आकाश जैन, पीयूष जैन, प्रदीप यादव, हरिशंकर यादव, आदेश उपाध्याय, अनिल द्विवेदी, कुमार ठाकुर, विनोद चंद्राकर, रूपेश साहू, राजा जैन, राजू जैन, राजू केशरवानी, समीर खान आदि थे।



## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले के 2548 हितग्राहियों को मिल रहा

# उषा और यामिनी ने कहा- मकान के साथ मन भी ऊर्जित रहता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से देश सहित जिले के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना से आम जनता को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में अब तक महासमुंद जिले के 2548 हितग्राही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब तक कुल 7146 नागरिकों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है तथा 6620 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का चयन कर लिया गया है। सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है और लोगों से अपील की है कि हर घर को इस योजना से जुड़ना चाहिए। आज हम सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि बिजली उत्पादक और पर्यावरण रक्षक भी बन सकते हैं।






इमली भाठा निवासी उषा साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से उन्हें नियमित और सस्ती ऊर्जा मिल रही है। इससे बिजली बिल में काफी कमी आई है और परिवार की आर्थिक बचत भी बढ़ी है। हैं। इसी तरह महासमुंद निवासी यामिनी यदु ने कहा कि इस योजना के माध्यम से सोलर पैनल लगवाने में शासन से सब्सिडी मिली, जिससे खर्च कम हुआ। अब घर में दिनभर बिजली उपलब्ध रहती है और अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देने से भी लाभ मिल रहा है। इससे मकान और मन दोनों ऊर्जित रहता है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हितग्राही कुम्हार पारा निवासी गेंद लाल साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उनके घर की छत पर सोलर पैनल लगने से अब बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा से घर की जरूरतें पूरी हो रही इसी तरह वर्धमान नगर महासमुंद निवासी घनश्याम ध्रुव ने कहा कि सोलर पैनल लगने के बाद बिजली कटौती की समस्या खत्म हो गई है। अब घर में पंखा, कूलर और अन्य उपकरण आसानी से चल पाते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली की बचत हो रही है और घर का मासिक खर्च भी कम हुआ है।

## जिले को 14 साल बाद भी एक इंजीनियरिंग कॉलेज नसीब नहीं : इंद्रजीत महाड़िक

**राजिम।** जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने हरिभूमि-आईएनएच द्वारा राजिम में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि जिले को अभी तक एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज नसीब नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा जिला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर पिछड़ता जा रहा है, जबकि जिला बने हुए 14 वर्ष बीत चुके हैं। गरियाबंद जिला 1 जनवरी 2012 को अस्तित्व में आया। इंजीनियरिंग कॉलेज के अलावा मेडिकल कॉलेज तो सपना हो गया है। यहां के विद्यार्थी लगातार प्रदेश और देश स्तर पर मेरिट में अपने स्थान बना रहे हैं। उपयुक्त शैक्षणिक संस्थान नहीं होने के चलते या तो पलायन कर रहे हैं या फिर पढ़ाई छोड़ रहे हैं। दूसरे जगह पढ़ाई करने से मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है जो आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए परेशानी की सबब दे रही है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिला खनिज संपदा, पर्यटन, वन, धार्मिक सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक सभी क्षेत्रों में समृद्ध है। बावजूद इसके विकास के मामले में अत्यंत पिछड़ा हुआ है। श्री महाड़िक ने कहा कि किसान अपने उपज को बेचने के लिए पहले सहकारी समिति के



चक्कर काटे और अब बैंक में पैसा निकालने के लिए सुबह से ही लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते रहते हैं। वह जितना पैसा चाह रहे हैं नहीं निकल पा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की कमी है। राजिम का सीएससी सेंटर रेफर केंद्र बनकर रह गया है। यहां मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजधानी रायपुर के अस्पतालों में भेज दिया जाता है। इतना बड़ा धार्मिक नगरी होने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार है। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से इलाज की सारी सुविधाएं राजिम में ही उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोगों की मांग राजिम को जिला बनाने की रही है इस विषय को सरकार गंभीरता से ले।

## खबर संक्षेप

### महिला सशक्तीकरण से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव : नंदनी

**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की सशक्त धुरी भी है। जब एक महिला शिक्षित और जागरूक होती है तो वह पूरे परिवार और समाज को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आज की नारी शिक्षा, विज्ञान,



प्रशासन, राजनीति और समाज सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। समाज में यह सकारात्मक परिवर्तन तब संभव हुआ है जब महिलाओं की क्षमता को पहचाना गया और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए गए। नंदनी साहू ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाती है। एक बेटी के शिक्षित होने से केवल उसका ही नहीं बल्कि पूरे समाज का भविष्य उज्ज्वल होता है। इसलिए बेटियों को शिक्षा और अवसर देना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि बेटियों को समान अवसर दिए जाएं, उनके सपनों को पंख दिए जाएं और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल प्रेरणा ही नहीं बल्कि परिवर्तन की शक्ति भी है। हमें मिलकर ऐसा समाज बनाना चाहिए जहां हर महिला को सम्मान, अवसर और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार मिले।

### रसोई गैस के दामों में उछाल पर कांग्रेस का हल्ला बोल, श्रद्धा ने केंद्र को घेरा

**गरियाबंद।** एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में हालिया बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रद्धा ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पिछले 13 वर्षों के कार्यकाल में एलपीजी गैस के दामों में कई बार बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता की रसोई का बजट बिगड़ गया है। श्रद्धा ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 430 रुपए थी, जबकि उस समय भाजपा थोड़ी सी भी कीमत बढ़ने पर विरोध प्रदर्शन करती थी। लेकिन आज केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद भी भाजपा गैस के बढ़ते दामों पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हाल ही में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तु होने के कारण गैस हर परिवार की जरूरत है, ऐसे में कीमतों में बढ़ोतरी से विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की रसोई का बजट प्रभावित होगा।

### महिला दिवस पर खेल और योग की प्रतिभाओं का सम्मान

**अभनपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवा रायपुर में माइक्रोनेट जन सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्मिता खेलो इंडिया चैंपियनशिप (दमन) में विजेता रही बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति की मुख्य सचिव श्रीमती रेश्मा साहू के मार्गदर्शन में राज्य समन्वयक वीरेन्द्र प्रधान, सूर्यकांत वर्मा, प्रवीण त्रिपाठी, मीरा रंजन, शिखा कीर, आरके चक्रवर्ती, विमल कुमार द्विवेदी एवं ज्योति द्विवेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि खेलों से बेटियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## समस्या : देवभोग एसडीएम को दिया गया मैनपुर का अतिरिक्त प्रभार

# प्रभार के भरोसे आदिवासी अंचल, 2 महीने से स्थायी एसडीएम नहीं होने से राजस्व प्रकरण का कार्य ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर राजस्व अनुविभाग को काम चलाऊ एसडीएम के भरोसे छोड़ दिया गया है जिसके कारण इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम को हटाने के बाद लगभग पिछले दो माह से मैनपुर में स्थायी एसडीएम की नियुक्ति नहीं किया गया है और देवभोग एसडीएम को मैनपुर कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जबकि देवभोग एसडीएम के पास पहले से काम का ज्यादा दबाव है जिसके कारण उनके द्वारा मैनपुर को पर्याप्त समय नही दिया जा रहा है सप्ताह मे 1-2 दिन ही देवभोग का एसडीएम मैनपुर कार्यालय पहुंच पाते है जिसके कारण इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के हजारो लोगों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो माह से राजस्व प्रकरण का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद राज्य स्तरीय और केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोगों को भारी कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा है और तो और दूर-दूर से प्रतिदिन बड़ी संख्या मे राजस्व विभाग के कार्य को लेकर ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंच रहे है लेकिन एसडीएम उपस्थित नही होने के कारण फरियादी मायूस होकर वापस लौट रहे है। अब तक मैनपुर में स्थायी एसडीएम की नियुक्ति नही की गई है

■ सप्ताह में एक या दो दिन दे पा रहे समय




**स्थायी एसडीएम की तत्काल नियुक्ति हो**

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की मैनपुर में स्थायी एसडीएम की तत्काल नियुक्ति किया जाना चाहिए क्योकि लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले से वे स्वयं प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल एवं गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके को अवगत करा कर जल्द स्थायी एसडीएम की मांग करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस संबंध में चर्चा करने पर कहा की मैनपुर अनुविभाग काफी लंबा चौड़ा क्षेत्रफल है और दूर-दूर से लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचते है मैनपुर में एक सप्ताह के भीतर स्थायी एसडीएम की पदस्थापना करने मांग किया गया है।

मैनपुर अनुविभाग के लोगो ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गरियाबंद के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल एवं गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग किया है कि मैनपुर मे तत्काल स्थायी एसडीएम की पदस्थापना किया जाये। उल्लेखनीय है कि आज से 07 वर्ष पहले सितम्बर 2019 में मैनपुर क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगात मिला और मैनपुर को राजस्व अनुविभाग का दर्जा दिया जिसकी मांग लम्बे समय से मैनपुर क्षेत्र की जनता करते आ रहें थे और इस मांग को लेकर पुर्व में क्षेत्रवासियों ने लम्बे संघर्ष भी किये थे पहले मैनपुर राजस्व अनुविभाग नही होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और मैनपुर के लोगों को 80 किमी दूर देवभोग कार्यालय जाना पड़ता था लेकिन मैनपुर को राजस्व अनुविभाग का दर्जा मिलने के बाद हजारो ग्रामीणों को अब आसानी से अपनी राजस्व संबंधी समस्याओ का समाधान मैनपुर मे होने लगा हैं लेकिन पिछले लगभग दो माह से स्थायी एसडीएम नहीं होने के कारण ग्रामीणों को प्रशासनिक कामकाज में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम कार्यालय में प्रतिदिन 50-60 किमी दूर से लोग पहुंच रहे है लेकिन स्थायी एसडीएम नहीं होने के कारण अपनी समस्या बताए बगैर ग्रामीणों को वापस लौटना पड़ रहा है।

### प्रदेश में नशे का चल रहा अमृतकाल : ध्रुव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए है श्री ध्रुव ने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में लगभग 9.5 एकड़ में अवैध अफीम की खेती का मामला सामने आने को बेहद गंभीर और चिंताजनक बताया है उन्होने आगे कहा कि इस मामले में भाजपा किसान मोर्चा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार का नाम सामने आना यह साबित करता है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में प्रदेश में नशे का कारोबार पनप रहा है यदि सत्ताधारी दल से जुड़े लोग ही इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल पाए जाते हैं तो यह सरकार की नीयत और प्रशासन दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। श्री ध्रुव ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार प्रदेश को नशामुक्त बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर भाजपा से जुड़े नेताओं के खेतों में अफीम की खेती पकड़ी जा रही है और सरकार गांव-गांव में नई शराब दुकानें खोलने का निर्णय ले रही है यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने में असफल भाजपा सरकार अब प्रदेश को नशे की गिरफ्त में धकेलने का काम कर रही है यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है अवैध अफीम खेती के पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।



## जिले के किसानों का हक नहीं छिनने देंगे : सुखचंद बेसरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिकासार जलाशय के पानी को लिंक परियोजना के माध्यम से महासमुंद जिले के कोडार बांध तक पहुंचाने की सरकार की योजना को लेकर जिले में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने इस योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि सिकासार के पानी पर पहला अधिकार गरियाबंद के किसानों का है। उन्होंने कहा कि यदि गरियाबंद के खेत सूखे रहेंगे और यहां का पानी दूसरे जिलों को दिया जाएगा तो कांग्रेस इसका विरोध करेगी। जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन और आंदोलन भी किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बजट में सिकासार-कोडार नहर लिंक परियोजना के लिए 3047 करोड़ रुपये की स्वीकृति देना स्वागत योग्य है, लेकिन इसकी प्राथमिकता गलत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि किसान का हक छीनकर विकास की बातें करना ऐसा है जैसे "सर मुंडाकर कंघी दान करना"। जब गरियाबंद के सैकड़ों गांव आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, तब यहां का पानी दूसरे जिले को देना न्यायसंगत नहीं है। बेसरा ने कहा कि सिकासार जैसा विशाल जलाशय होने के बावजूद गरियाबंद जिले के कई गांव आज भी सिंचाई सुविधा से वंचित हैं। यदि सही योजना बनाकर किसानों तक पानी पहुंचाया जाए तो जिले की उपजाऊ जमीन में भरपूर उत्पादन हो सकता है। उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधन जिस क्षेत्र में होते हैं, उस क्षेत्र के निवासियों का उस पर पहला अधिकार होता है। यदि किसानों को पर्याप्त पानी मिले तो गरियाबंद का किसान सोना उगा सकता है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि गरियाबंद के हितों की अनदेखी कर किसी अन्य जिले को लाभ पहुंचाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुखचंद बेसरा ने कहा कि यह केवल बयान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन की चेतावनी है। उन्होंने बताया कि जिले के किसानों को संगठित किया जाएगा और गांव-गांव जाकर सरकार की किसान विरोधी नीति के खिलाफ जनजागरण किया जाएगा। सिकासार जलाशय के पानी को नहर के जरिए महासमुंद के कोडार बांध तक ले जाने की योजना राज्य बजट में परियोजना के लिए 3047 करोड़ रुपये का प्रावधान।

## जिला स्तरीय किसान मेला में जैविक कृषि अपनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में जैविक खाद मिशन योजनांतर्गत जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 10 मार्च दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से दूर कर जैविक, प्राकृतिक और टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित करना है। किसानों को कम लागत में जैविक खाद, कीटनाशक और वर्मीकम्पोस्ट बनाने की तकनीक सिखाना। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने और विषमुत्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखराज ध्रुवा जिला कृषि सभापति, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कृषि सदस्य नंदनी डीडी, नंदनी साहू, कृषि सभापति उत्तरा पटेल, कृषि स्थाई सदस्य संतोषी ध्रुव, नारायण सिन्हा, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, विशेष अतिथि सरपंच रुपादेवी ठाकुर, तुलेश्वर ध्रुव, थानेश्वर मंडावी उपसरपंच परमेश्वर यादव, धनसाय ध्रुव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस चिराग अली, श्यामलाल सोरी सहित समस्त आमंत्रित अतिथि मचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी मचस्थ अतिथियों का गुलाल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक संचालक कृषि जिला गरियाबंद अनिल कौशिक ने किसानों को जैविक खेती के बारे में कहा कि रसायनों से बंजर हो रही मिट्टी में सुधार के लिए जैविक खेती को अपनाने पर जोर दिया गया। आगे बताया कि वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, गौमूत्र और नीम के उपयोग से कम लागत में विषमुत्त उत्पादन की विधियां समझाईं। यहां भी बताया कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

**जैविक खेती समय की मांग**



मुख्य अतिथि कृषि जिला सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा की कृषि विभाग के सभापति होने के नाते वनांचल क्षेत्र में कृषि विभाग के सभी योजनाओं के बारे में सभी कृषकों को जानकारी मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, संरक्षित खेती, कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के बारे में जोर दिया गया। आगे कहा किसानों को जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उद्यानिकी विभाग के सुनील साहू ने अपने विभाग के बारे जो योजनाएं चल रही है, उसे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया। इस आयोजन के तहत प्रगतिशील कृषकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया, वहीं वरिष्ठजनों को साल भेंट कर सम्मान किया। और मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि, विशेष अतिथियों को मेमेन्टो भेंट कर सहसमान किया गया। सभी कृषकों और आये हुए जनप्रतिनिधियों के लिए भोजन की व्यवस्था रखा गया था। इस दौरान कृषि विभाग छुरा से पुष्पलता ध्रुव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,रोमन ठाकुर,अलका ध्रुव, संजय बघेल, शिवकुमार साहू, सनत दीवान, हेमंत ध्रुव, उद्यानिकी विभाग से शशिकांत साहू, कौशल साहू,पशुधन विकास विभाग से डॉ. निखिल साहू एवं किसान मित्र अशवत सेन, पुनीत ध्रुव, इमलेश ध्रुव सहित क्षेत्र के समस्त किसान बंधु उपस्थित रहे। मंच का संचालन कृषि विस्तार अधिकारी रोमन ठाकुर ने की।

## पंचराम टंडन बने नए नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर पंचायत छुरा में कांग्रेस संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष पद में परिवर्तन हुआ है। नगर पंचायत के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हरीश यादव ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें छुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किए जाने के बाद अपने नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हरीश यादव को हाल ही में पार्टी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा का महामंत्री नियुक्त किया है। नई संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी संगठन के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। हरीश यादव के इस्तीफे के बाद कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत के पार्षद पंचराम टंडन को नया नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। पार्टी पदाधिकारियों की सहमति से यह निर्णय लिया गया, जिसके बाद पंचराम टंडन ने औपचारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभाल लिया है। नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष पंचराम टंडन ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र की जनसमस्याओं को मजबूती से उठाना, विकास कार्यों की निगरानी करना तथा जनता के हितों की आवाज बनना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी शाह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, देव सिंह नेताम, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, दीप्ति यादव, यामीन खान, राजू यादव उपस्थित थे।

## 10538 मर्ज शालाओं को नहीं मिली अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के हवाले से बताया कि शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर को पत्र लिखकर युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए शाला अनुदान की राशि जारी करने की मांग की है। जिन शालाओं में अन्य स्कूल को मर्ज किया गया है वे मुख्य यू डाइस वाले शाला संलग्न शाला में कोई भी राशि नही दे रहे है, क्योकि उन्हें भी पूर्ववत राशि जारी किया गया है, जिससे वे अपने शाला की व्यवस्था कर रहे है।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यदु, कोमल वैष्णव, मुकेश मुदलियार, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र परिक,यशवंत बघेल,विनोद सिन्हा, पूरन साहू, परमेश्वर निर्मलकर, संतोष साहू ने कहा है कि समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय रायपुर द्वारा वर्तमान सत्र 2025-26 के लिए शाला अनुदान की राशि जारी की गई है। जिसमें शाला अनुदान 1 से 30 दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए 10 हजार, 31 से 100 दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए 25 हजार, 100 से 250 दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए 50 हजार, 251 से अधिक दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए 75 हजार राशि जारी किया गया है, तथा प्रति मिडिल स्कूल, ईको क्लब 2500, प्रायमरी स्कूल 1000, प्रति विद्यालय 300 कम्युनिटी एवं 500 एसएमसी के लिए जारी किया गया है। किन्तु युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जिन विद्यालयों का आपस में विलय (मर्ज) किया गया है, मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए पृथक से शाला अनुदान, इको क्लब, कम्यूनिटी, एसएमसी की राशि जारी नहीं की गई है और न ही जिस शाला में मर्ज किया गया है वहाँ अतिरिक्त राशि दिया गया है। विदित हो कि अनेक स्थानों पर हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों का विलय (मर्ज) किया गया है, जिसके कारण पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के लिए शाला अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं हो पाया है। इसी प्रकार जिन पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालयों का विलय (मर्ज) किया गया है, वहां भी प्राथमिक शाला के लिए अनुदान राशि जारी नहीं की गई है।





## प्रकृति का अनुपम उपहार, फूलों से दमकता जंगल

# साल के घने जंगलों में खिले फूल मादक खुशबू से महक उठी फिजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के अधिकांश क्षेत्र मे घने साल का जंगल है और साल को छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष का दर्जा मिला है बस्तर के बाद सबसे ज्यादा घने साल का जंगल मैनपुर क्षेत्र में ही है और इन दिनों साल के वृक्ष में फूल निकल गए हैं जिसके कारण जंगल दमक उठा है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के चाहे पक्की सड़क हो या पगडंडी मार्ग फूल ही फूल आपके कदमों में बिछे दिखाई देंगे आप भी आईये देखिये इन मार्गो से गुजरिये जैसी अनुभूति आपको होगी निश्चित ही वह एक अकल्पनीक एवं सुखद ही होगी। मैनपुर क्षेत्र के जंगल में सबसे ज्यादा सरई का वृक्ष है सरई को साल का वृक्ष कहते है और साल वृक्ष को राजकीय वृक्ष कहा जाता है इन दिनों मैनपुर क्षेत्र के जंगल साल वृक्षों में मनमोहक सौंदर्य और मादक खुशबु से महक उठा है साल की जंगल फूलों से दमक रहा है साल के वृक्षों में फूल लग गए हैं और यह फूल सूर्य की रौशनी के साथ चमक उठता है।

**आजीविका और संस्कृति का आधार**



पूरा जंगल क्षेत्र साल के खुबसूरत फूल और खुशबु से दमक रहा है। साल वृक्ष के यह फूल कुछ माह में फल बन जाएंगे जिसे सरई बीज कहते है और यह वनोपज के रूप मे ग्रामीणों क्षेत्रों के लोगों के जीविका का साधन भी है। पूरे- पूरे प्रदेश में बस्तर के बाद सबसे घना साल का जंगल गरियाबंद जिले के मैनपुर के जंगल को माना जाता है और साल का जंगल क्षेत्र ठंडकता भी प्रदान करता है इस वृक्ष के पते से लेकर जड़ और तना तक औषधि के रूप में काम आते है। आदिवासी ग्रामीण मुखिया टीकम सिंह कपिल, रूपसिंह मरकाम, बनसिंग सोरी, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान ने बताया प्राकृति का अनुपम उपहार है पूरा मैनपुर क्षेत्र का जंगल साल के वृक्षों से भरा है और यह वृक्ष काफी विशाल तथा 40 से 50 फीट ऊंचे विशाल होते है काफी मजबूत वृक्ष के रूप में इसे जाना जाता है साल के जंगल मे ठंडकता के चलते वन्यप्राणी काफी मात्र में पाये जाते है बहरहाल इन दिनों पूरे मैनपुर क्षेत्र के गांव में जाने वाले पगडंडी मार्ग हो या फिर पक्की सड़क हो चारो तरफ सिर्फ साल वृक्ष के खुबसूरत फूल नजर आ रहे है और इसके मादक खुशबु लोगों को खूब लुभा रहा है क्षेत्र के जंगल साल वृक्ष के फूलों से दमक रहा है।

### सीमा मन की बात कार्यक्रम की प्रदेश सह-प्रभारी नियुक्त

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के सहमती से भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट छत्तीसगढ़ कार्यसमिति मे सीमा ठाकुर को मन की बात की बात कार्यक्रम सहप्रभारी बनाये जाने पर भाजपा कार्यताओ ने हर्ष व्यक्त की। सीमा ठाकुर ने कहा कि जो दायित्व पार्टी के नेताओं के द्वारा दी गई है उस दायित्व का पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, संतोषी श्रीवास्तव पार्षदगण-पद्मा यदु, शांति कोसरे, दीपक श्रीवास, जगदीश यदु, चांदनी कश्यप, मिडिया प्रभारी लक्ष्मी श्रीवास्तव, भुवनेश्वरी साहू, अनीता शर्मा, ज्योति राजपूत सुमन श्रीवास, बीना, पूनम यदु, प्यारेलाल सोनकर, दशरथ सिन्हा, अरुण सिन्हा, मिंजून साहू, भुवन साहू, प्रेम लाल टोंडर, अशोक साहू, दीपक पोद्दार आदि शामिल है।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किशोर ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से की मुलाकात



**नवापारा-राजिम।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने छत्तीसगढ़ से भाजपा की नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा से मंगलवार को उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य मुलाकात की। श्रीमती वर्मा ने देवांगन को भाजपा की रीति-नीति को पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर जनहित में कार्य करते रहने की सलाह दी। किशोर देवांगन ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से राजनीति में सक्रिय रहीं श्रीमती वर्मा ने भाजपा के लिए जी-तोड़ मेहनत की है, जिसके चलते भाजपा द्वारा उन्हें विभिन्न पदों पर सुशोभित किया जाता रहा है। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य कर रायपुर जिलेवासियों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ाया है। साथ ही प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी के लिए रणनीति बनाने में भी अहम योगदान दिया है, जिसके चलते राष्ट्रीय संगठन ने उन्हें राज्यसभा के लिए चुना। इससे निश्चित तौर पर राज्यसभा में भाजपा को एक सशक्त व मुखर महिला सांसद का साथ मिलेगा, जो विपक्षियों को मोदी सरकार की ओर से मुंह-तोड़ जवाब देंगी। साथ ही छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद करेंगी। बता दें कि देवांगन का श्रीमती वर्मा से पुराना संबंध है। किशोर, श्रीमती वर्मा को आंटी कहते हैं और समय-समय श्रीमती वर्मा के निवास, किसी कार्यक्रम स्थल या फिर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनसे मुलाकात कर मार्गदर्शन लेते रहते हैं।

### सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर जवानों का रक्तदान

**अभनपुर।** थनौद स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में महानिदेशालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 211वीं बटालियन केरिपुबल द्वारा 10 मार्च को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 211वीं बटालियन के कमाण्डेंट विजय प्रताप के मार्गदर्शन एवं नारायणा अस्पताल रायपुर के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट विजय प्रताप तथा नारायणा अस्पताल के डॉ. प्रवेश बिस्वास ने जवानों को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व और समाज के प्रति इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा जवानों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कमाण्डेंट विजय प्रताप ने स्वयं रक्तदान कर जवानों को प्रेरित किया। उनके साथ 211वीं बटालियन के अन्य जवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 14 यूनिट रक्तदान किया।इस अवसर पर रंजन कुमार बहाली, प्रज्ञेश कुमार अटल, डॉ. जिशान खान, डॉ. आलोक श्रीवास्तव सहित उनकी 8 सदस्यीय टीम उपस्थित रही।

# राजिम के तरबूज की मिठास भी कभी विदेशों तक थी धमक, अब खेती शून्य

## एनीकेट और गिरते जलस्तर ने छीनी पैरी-महानदी की रेतीली बाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

पूरे देश भर में मशहूर राजिम क्षेत्र अब अपने ख्याति के अनुरूप एकदम बम लाल रसीले कलिन्दर की खेती के लिए शून्य होते जा रहा है। कृषकों की रूचि न के बराबर रह गई है। कारण चाहे जो भी हो। दो दशक पहले पैरी एवं महानदी की रेत पर कलिंदर की खेती होती थी। जैसे ही किसान नवंबर माह में धान की फसल की मिजाई कटाई कर लेते थे। उसके बाद 4 महीने खाली न रहकर सीधे नदी में बाड़ी लगाने में लग जाते थे। कलिंदर, खरबुजा बड़ी संख्या में यहां लगाए जाते थे। बाद में भिंडी, बरबटी, खीरा, ककड़ी, कोचई इत्यादि लगाकर खेती करते थे। उस समय एक से बढ़कर एक कलिंदर की खेती होती थी उन्हें रायपुर, नागपुर मुंबई ,कोलकाता, चेन्नई इत्यादि महानगरों में बिक्री के लिए रखे जाते थे। कुछ कलिंदर तो यहां व्यापारी ही खरीद कर सीधे विदेश भेजते थे। परंतु समय के साथ-साथ नदी का जलस्तर कम हो गया और जलस्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार द्वारा एनीकेट बना दिया गया। जिसके कारण किसानों को अब राजिम की नदी पर बाड़ी लगाने नहीं मिल पा रहा है। फलस्वरुप राजिम एवं नवापारा के लोगों को बाहर से आयातित तरबुज खरीद कर खाना पड़ रहा है। अभी मार्च का महीना चल रहा है। देशी कलिन्दर यानि नदी व बाड़ी में लगने वाली फसल की आवक बाजार में न के बराबर है। नवापारा व राजिम शहर में महाराष्ट्र का कलिन्दर उपलब्ध है जो 40 रूपए के भाव में बिक रहा है।



### मंडी और कोल्ड स्टोरेज की दरकार

राजिम क्षेत्र में तरबूज की खेती करने वाले किसानों को फिलहाल आयात-निर्यात से जुड़ी बड़ी समस्या नहीं दिख रही है। किसानों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उत्पादन, भंडारण और विपणन की बेहतर व्यवस्था बने तो राजिम और आसपास के इलाके में तरबूज की खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। तरबूज के लिए स्थानीय मंडी और खरीदी केंद्र बढ़ाए जाएं कोल्ड स्टोरेज और परिवहन सुविधा मिले, खेती के लिए अच्छे बीज और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाए तो तरबूज की खेती करने वाले किसानों को काफी मुनाफा हो सकता है और राजिम क्षेत्र के किसान भी तरबूज की खेती को बड़े स्तर पर कर देश-विदेश के बाजार तक पहुंच बना सकते हैं।



## अलर्ट : ड्रोन से रखी जा रही नजर, जलक्रीड़ा करते दिखे नन्हे शावक

# सिकासार जलाशय में भीषण गर्मी के बीच 28 हाथियों के दल ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गर्मी प्रारंभ होते ही हाथियों का दल एक बार फिर सिकासार जलाशय के डुबान क्षेत्र टोरीभुई के नजदीक डेरा डाल दिया है। इस दल में 25 से 28 हाथियों की संख्या बताई जा रही है जिसमें 2-3 छोटे शावक भी है हाथियों का दल सुबह के समय डुबान क्षेत्र जलाशय में जलक्रीड़ा अटखेलिया करते नजर आए। वन विभाग द्वारा हाथियों के दल का लगातार ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी किया जा रहा है और हाथियों की खुबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से सिकासार दल के नाम से पहचाने जाने वाले हाथियों का दल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के पहाड़ी एरिया ओड़ आमामोरा के बीहड़ जंगलों में विचरण कर रहे थे लेकिन अब धीरे -धीरे गर्मी का सीजन प्रारंभ होते ही हाथियों का दल सिकासार जलाशय के डुबान एरिया में पहुंच गया है यह गरियाबंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र धवलपुर के अंतर्गत आता है और हाथियों का दल जलाशय के नजदीक ही डेरा डाल दिया है तथा सुबह के समय हाथियों के दल को बकायदा जलाशय के पानी मे अटखेलिया करते देखे जा रहे है।

- धवलपुर वन परिक्षेत्र के तटवर्ती गांवों में अलर्ट



### हाथी मित्र दल और वन विभाग मुस्तैद

हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम लगातार हाथियों के गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। हाथी मित्र दल एवं वन विभाग की टीम ड्रोन कैमरे के माध्यम से हाथियों की सटीक जानकारी दे रहे है बताया जाता है। गर्मी से राहत पाने के लिए हाथियों का दल हर वर्ष सिकासार जलाशय के आसपास ही मंडराते रहता है और जब भी हाथियों का दल गर्मी के समय सिकासार जलाशय में पहुंचते है तो हाथियों के पानी के अटखेलिया करते देखा जा सकता है तो वहीं आसपास के ग्रामों में हाथियों का दहशत भी देखने को मिल रहा है। लंबे समय के बाद पहाड़ी इलाके से उतर कर हाथियो के दल सिकासार जलाशय के डुबान एरिया मे पहुंचे है।

### दी जा रही है समझाइस

धवलपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी कामताप्रसाद मरकाम ने बताया हाथियो का दल धवलपुर परिक्षेत्र के सिकासार डुबान एरिया कुलाप के पास डेरा डाले हुए है और हाथियों के मूमेंट पर लगातार निगरानी की जा रही है। श्री मरकाम ने बताया की जंगल में 25 से 28 की संख्या में हाथी दल में विचरण कर रहे है और डुबान एरिया के आसपास ग्रामों में मुनादी कराई गई है ताकि किसी प्रकार की कोई घटना घटित न हो और लोगों को हाथी प्रभावित क्षेत्र में नहीं जाने की समझाइस दिया जा रहा है।

# राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मुख्य जिला मार्ग के लिए 153.82 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद के मजबूतीकरण और उन्नयन के लिए 153 करोड़ 82 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से 35.5 किमी सड़क का मजबूतीकरण और उन्नयन किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क व पुल-पुलिया निर्माण के लिए 139 करोड़ 48 लाख 72 हजार रुपए तथा भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 14 करोड़ 33 लाख 62 हजार रुपए मंजूर किए हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस साल 1 जनवरी को केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत इस सड़क के मजबूतीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव के नेतृत्व में राजिम विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिली है। कोपरा-पोखरा व कोमा-पीपरछेड़ी मार्ग निर्माणाधीन है। राजिम पुल से चौबेबांधा पुल तक नदी किनारे फोरलेन, राजिम-छुरा मार्ग और अब राजिम-महासमुंद मार्ग की स्वीकृति क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी सौगात है। सड़क निर्माण स्वीकृति होने पर क्षेत्रवासियों ने डिप्टी सीएम अरूण साव व विधायक रोहित साहू के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है।





# मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं, हकीकत है : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भारत की नारी ने हर युग में अपनी महानता सिद्ध की है। रामचरित मानस में माता सीता के त्याग एवं तपस्या की अमर गाथा हर नारी के लिए प्रेरणादायी है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित रामकथा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास की भावना के कारण भारत की नारी और अधिक सशक्त होकर उभर रही है। महिला सशक्तिकरण के कारण देश में तेजी से विकास हो रहा है। श्री बजाज ने कहा कि मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं हकीकत है। उन्होंने कहा कि रामायण प्रेरणादायी ग्रंथ है, इससे हमें कर्तव्य पथ पर चलने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि राम की भक्ति में ही राष्ट्र की शक्ति निहित है। श्री बजाज ने कहा कि वर्तमान दौर में पूरी दुनिया के देशों में अंतर द्वंद चल रहा है लेकिन भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां शांति और सद्भाव है। अभी हमने शांतिपूर्वक होली मनाई, क्रिकेट का मैच भी निर्विघ्न हो रहा है, सारी गतिविधियां सामान्य गति से संचालित हो रही है लेकिन दुनिया के अनेक देश अशांति एवं अराजकता के कारण परेशान है। यह प्रभु राम की कृपा है हमारे देश को मोदी के रूप में सशक्त एवं कुशल नेतृत्व मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, अनिल साहू, माधव प्रसाद मिरी, ज्ञानप्रकाश चंद्राकर, अर्जुन धीवर, नेहरूलाल साहू, कृष्णकांत नामदेव, रवि वर्मा, खेमचंद साहू, तिलक यदु, घनश्याम रिगरी, गुलाब साहू, यशवंत साहू, बिसाहू राम साहू, राधेश्याम साहू, खेमलता प्रेमचंद साहू, डा लीलाराम साहू, घनश्याम निर्मलकर, फत्ते रिगरी, खुमेश यदु, प्यारी साहू, जितेंद्र निर्मलकर एवं नारायण साहू आदि उपस्थित रहे।



### चुनावी वादे भूलकर जनता की जेब काट रही केंद्र सरकार : सुखचंद बेसर

**गरियाबंद।** घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर सियासी गलियारा गरमा गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे जनता के साथ विश्वासघात करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और जल्द ही सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के समय बड़े-बड़े विज्ञापनों और मंचों से भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जनता को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का सपना दिखाया था। लेकिन भाजपा सरकार अपने वादे से मुकर गई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अच्छे दिन का वादा करके आई थी, लेकिन आज आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा महज एक चुनावी जुमला साबित हुआ। महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। सुखचंद बेसरा ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बहाना बनाकर आम जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए आम आदमी के चूल्हे की आग ठंडी कर रही है। जिले के हर ब्लॉक मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार का पुतला फूंकेंगे और घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की दोहरी नीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा।



# बीआरसीसी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, परखी शिक्षा की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुटेरी तथा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। शर्मा ने विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई, आधार अपडेशन, छात्रवृत्ति वितरण, शिक्षण कार्य, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, विद्यालय परिसर की स्वच्छता तथा आगामी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई के बारे में जाना तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षकों से उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर दिया। वहीं, प्राथमिक शाला छुईहा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में अपने अच्छे प्रदर्शन की जानकारी साझा की। इस निरीक्षण के दौरान प्राचार्य याचना जोशी, पूरन लाल साहू, संतोष कुमार ठाकुर, स्वाति तिवारी, शिखा महाड़ीक, संकुल समन्वयक गिरिवर यादव, प्रधान पाठक गुलाबचंद साहू, यशोदा ध्रुव, बीरेंद्र कुमार ध्रुव, कृपाल सिंह दीवान, ऋषि वल्लभ सेन, हरीश टांडे, माधुरी निषाद एवं लोकेश्वरी साहू सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।






# किसान कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मिश्रा व महामंत्री साहू का छुरा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

किसान कांग्रेस गरियाबंद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री चमन लाल साहू का छुरा आगमन पर स्थानीय विश्राम गृह में जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को फूल-माला पहनाकर तथा कांग्रेस का गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान कांग्रेस संगठन किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा सरकार तक उनकी आवाज पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। साथ ही क्षेत्र के किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने की बात भी कही गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा और प्रदेश महामंत्री चमन लाल साहू ने स्वागत के लिए सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक किसानों को किसान कांग्रेस से जोड़ने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नथमल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती महेश्वरी शाह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मंजू ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, जिला महामंत्री प्रह्लाद यादव, पन्नालाल ध्रुव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शमीम खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष देव सिंह नेताम, महामंत्री हरीश यादव, कोषाध्यक्ष सलीम मेमन, इस्माईल मेमन, संतन सिंह ठाकुर, सुधेराम ठाकुर, पंचराम ठाकुर, सतीश चौरे, मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, विक्रमादित्य साहू, नेहरू साहू, इंद्रमणि सिन्हा, जयराम जगत, पार्षद दीप्ति यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल काफी उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



